# सफलता की कहानी

किसान का नाम : आलोरानी सिंह
ग्राम : बड़ा सुसनी
पंचायत : रसिकनगर
प्रखण्ड : बोड़ाम

आलोरानी सिंह प्रगतिशील महिला किसान है। बड़ा सुसनी गाँव पर अधिकतर किसान वर्षा आश्रित खेती करते हैं जो खरीफ मौसम में ही धान की खेती करते हैं। आलोरानी सिंह के पास 6 एकड़ जमीन है जिसमें 3 एकड़ जमीन पर धान की खेती एस0आर0आई0 विधि से पिछले 4 सालों से कर रही है। आलोरानी सिंह अपने गाँव में माँ तारा अजिविका सखी मण्डल महिला समूह से जुड़ी हुई है।

आत्मा के सौजन्य से आयोजित होने वाले राजकीय एवं प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण, गोष्ठी कार्यक्रम में भाग लेकर इन्होंने धान, सब्जी की उन्नत खेती के बारे में जानकारी हासिल की । अभी 2 एकड़ जमीन में ये सब्जी की खेती कर रही है। अगर किसी प्रकार की कोई दिक्कत होने पर आत्मा के प्रसार कर्मी से फोन पर ही बात कर सुझाव ले लेती है। लगातार आत्मा–कृषि विभाग के कर्मियों के सहयोग एवं प्रोत्साहन से आलोरानी सिंह खेती–बाड़ी को उन्नत तरीके से करने लगी ।

आत्मा से उन्नत तकनीक की जानकारी तथा विभिन्न योजनाओं के तहत विगत 4 सालों में सरसों, अरहर, मुंग साथ में कीटनाशक दवाईयाँ मिला है। 2020–21 आत्मा की ओर से आलोरानी सिंह को अरहर का बीज मिला था जो लाइनिंग विधि से खेती किये थे जिसमें अरहर का उत्पादन बहुत अच्छा हुआ। पहले की अपेक्षा दुगुना उत्पादन प्राप्त हुआ है।

धान, सब्जी, तेलहन, दलहन खेती के अलावे 01 एकड़ जमीन में आम की बागवानी किये है। लगभग 100 पेड़ लगाई है। पिछले 3 सालों से आम का फल आ रहा है। प्रत्येक साल आम से 40,000 रूपये का आमदनी प्राप्त होता है। आम बागवानी के साथ–साथ उसके अन्दर में गेंदा फुल का खेती की है जिसे प्रतिदिन 10 से 12 किलो फुल बेचकर अच्छा मुनाफा हो रहा है। प्रति किलो 60–70 रूपये के दर से बेचते है। 15 रूपये प्रति माला के दर से

आलोरानी सिंह सफल कृषक के साथ–साथ दुसरे किसान को भी उन्नत तरीके से खेती करने की सलाह देती है। अभी इसके परिवार का भरण–पोषण अच्छा तरीके से हो रहा है पारिवारिक स्थिति पहले से काफी बेहतर है।






